हिन्दुस्तान

वर्ष 4, अंक 284, 20 पेज+16 पेज अलोकी, मूल्य 3.00 रुपए, माघ कृष्ण पक्ष द्वादशी, वि.सं. 2070

तरक्की को चाहिए नया नजरिया

शनिवार, 30 नवम्बर 2013, बरेली, पांच प्रदेश, 18 संस्करण, नगर

www.livehindustan.com

‘समय प्रबंधन करो, सफल बनो’

बरेली। श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी में इंस्पायर इंटर्नशिप-2013 के तीसरे दिन शुक्रवार को संस्थान में फार्मेसी विभाग के हेड प्रो. जगन्नाथ साहू और प्रो. संतोष कुमार ने छात्रों को सफलता के सूत्र बताए। प्रो. जगन्नाथ ने कहा कि धन से मनुष्य नहीं बनता, उल्टा मनुष्य धन पैदा करता है। उन्होंने चाणक्य और चंद्रगुप्त के संवाद का उदाहरण देते हुए कठिन परिश्रम का महत्व बताया। साथ ही स्वामी विवेकानंद के जीवन दर्शन सिद्धांत को समझाते हुए समय प्रबंधन को जीवन में सफलता का मंत्र कहा। प्रो. संतोष कुमार ने गणित, जीव-विज्ञान, भौतिकी और रसायनशास्त्र के बारे में चर्चा की। उन्होंने शोध पर जोर देते हुए विद्यार्थियों से प्रयोगशाला में प्रयोग कराए। ट्रस्ट प्रशासक सुभाष मेहरा, डा. प्रभाकर गुप्ता, रतीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।